# ग्राम पंचायत भंजराड़ू, विकास खण्ड तीसा, जिला चम्बा, हिमाचल प्रदेश के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 04/2022 से 03/2024

## भाग-एक

**1 प्रस्तावना**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफ़ारिशों के फ़लस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम-1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप-सचिव पंचायती राज विभाग के संशोधन पत्र संख्या पीसीएच-एचसी(5)-सी(15)एलएडी/2006-12669 दिनांक-07-04-2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत ग्राम पंचायत भंजराड़ू, विकास खण्ड तीसा, जिला चम्बा के अवधि 04/2022 से 03/2024 के लेखों का अंकेक्षण कार्य विभाग द्वारा निष्पादित किया गया।

**अंकेक्षण अवधि 01-04-2022 से 31-03-2024 तक के दौरान ग्राम पंचायत भंजराड़ू में निम्नलिखित प्रधान, सचिव कार्यरत रहे हैं :-**

**प्रधान**

| क्रम संख्या | पदाधिकारी का नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | सुश्री कृष्णा महाजन | 01-04-2022 से 31-03-2024 |

**सचिव**

| क्रम संख्या | सचिव का नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्री गोपाल सिंह | 01-04-2022 से 30-04-2022 |
| 2. | श्री प्यार सिंह | 01-05-2022 से 31-03-2024 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार :-**

ग्राम पंचायत भंजराड़ू, विकास खण्ड तीसा, जिला चम्बा के अवधि 04/2022 से 03/2024 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं

का सार निम्न प्रकार से है। जोकि उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ आगामी आवश्यक कार्रवाई हेतु विशेष रूप से लाई जाती है।

| क्र० स० | पैरा स० | गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 01 | 7.1 - 7.4 | पंचायत राजस्व गृहकर, मोबाइल टावर फीस, दुकानों का किराया एवं विवाह पंजीकरण शुल्क इत्यादि का वसूली/जमा न किये जाने बारे। | 2.85 |
| 02. | 8.2 | बिना M (XY) फॉर्म के अनुचित क्रय करने से सरकारी राजकोष को रॉयल्टी के तौर पर राजस्व की भारी वित्तीय हानि बारे। | ₹3.54 |
| 03. | 8.3 | प्रॉपर/टैक्स बिलों पर भुगतान न करने के कारण सरकारी राजकोष को वस्तु एवं सेवाकर (GST) की सम्भावित वित्तीय हानि। | 1.01 |
| 04. | 8.4 | ठेकेदारों/संविदाकारों से टी०डी०एस० की कटौती न करने के कारण सरकारी राजकोष को वित्तीय हानि बारे। | 0.16 |
| 05. | 8.5 | निर्माण कार्यों से सम्बन्धित स्वीकृति/कार्य आदेश, प्राक्कलन, मापन पुस्तिका लेखा परीक्षा में प्रस्तुत न करने बारे। | 25.27 |
| 06. | 9.1 | मनरेगा अनुदान के व्यय/भुगतानों में पाई गई वित्तीय व अन्य विविध अनियमितताओं बारे। | 18.45 |
| 06. | 9.2 | औपचारिकताओं (Codal Formalities) को पूर्ण किए बिना ही राशि स्टॉक/स्टोर का नियमित क्रय करने बारे | 1.82 |
| 07. | 9.3 | क्रय सामान/स्टोर का स्टॉक रजिस्टर इन्द्राज न करने बारे एवं पंचायत के स्टॉक रजिस्टर में पाई गई विविध अनियमितताओं बारे। | 2.02 |

**(ग) गत अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन :-**

हि० प्र० राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा ग्राम पंचायत भंजराडू का अंकेक्षण, अवधि 04/2019 से 03/2021 के लिये किया गया था जिसमें सम्मिलित अनिर्णीत पैरों के समायोजन बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या SAD/CBA/2024/02 दिनांक 30-04-2024 द्वारा सचिव को स्थिति स्पष्ट करने हेतु कहा गया। जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा सूचित किया कि, गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरों पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी एवं कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा। गत अंकेक्षण के पैरों पर कोई भी कार्रवाई न करना न केवल नियमों के प्रतिकूल है, अपितु इससे अंकेक्षण का प्रयोजन ही निष्फल हो जाता है यह गम्भीर प्रकरण उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ विशेष तौर से लाया जाता है। विगत अंकेक्षण प्रतिवेदन में शामिल पैरों पर शीघ्र ही कार्रवाई की जानी सुनिश्चित की जाये। वर्तमान अंकेक्षण उपरान्त अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरों की स्थिति निम्न प्रकार से है :-

**1. अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 04/2019 से 03/2021 तक:-**

| क्रम संख्या | पैरा संख्या | पैरा स्थिति | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1. | 3 | अनिर्णीत | |
| 2. | 4 | निर्णीत | वर्तमान अंकेक्षण में पुनः प्रारूपित। |
| 3. | 5 | अनिर्णीत | - |
| 4. | 6 | अनिर्णीत | - |
| 5. | 7 | अनिर्णीत | - |
| 6. | 8 (क) | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण में दर्शाई गई है। |
| 7. | 8 (ख) | अनिर्णीत | - |
| 8. | 9 | निर्णीत | वर्तमान अंकेक्षण में पुनः प्रारूपित। |
| 8. | 10 | निर्णीत | वर्तमान अंकेक्षण में पुनः प्रारूपित। |
| 9. | 11 | अनिर्णीत | - |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10. | 12 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण में दर्शाई गई है। |
| 11. | 13 | अनिर्णीत | - |
| 12. | 14 | अनिर्णीत | - |
| 13. | 15 | अनिर्णीत | - |
| 14. | 16 | अनिर्णीत | - |
| 15. | 17 | अनिर्णीत | - |
| 16. | 18 | निर्णीत | वर्तमान अंकेक्षण में पुनः प्रारूपित। |
| 17. | 19 | अनिर्णीत | - |

## भाग- दो

**2 वर्तमान अंकेक्षण :-**

ग्राम पंचायत भंजराड़ू, विकास खण्ड तीसा, जिला चम्बा के अवधि 04/2022 से 03/2024 के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री पवन कुमार क० लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 30-04-2024 से 08-05-2024 तक ग्राम पंचायत भंजराड़ू के कार्यालय में किया गया। वर्तमान निधि लेखों की विस्तृत जांच हेतु आय एवं व्यय के लिए निम्न मासों का चयन किया गया। जिसके परिणामों को आगामी पैराग्राफों में समाविष्ट किया गया है।

| **क्रम संख्या** | **वित्तीय वर्ष** | **आय चयनित माह** | **व्यय चयनित माह** |
|---|---|---|---|
| 1. | 2022-2023 | 08/2022 | 09/2022 |
| 2. | 2023-2024 | 12/2023 | 06/2023 |

**अस्वीकरण:-** वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियंत्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। उक्त पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

3 **अंकेक्षण शुल्क :-**

ग्राम पंचायत भंजराडू, विकास खण्ड तीसा, जिला चम्बा के अवधि 04/2022 से 03/2024 तक के लेखों के अंकेक्षण हेतु शुल्क ₹6400/- आँका गया है। अंकेक्षण शुल्क की उक्त राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से राजकीय कोष में जमा करवाने हेतु निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला-09 को प्रेषित करने हेतु पंचायत सचिव से अंकेक्षण अधियाचना संख्या SAD/CBA/2024/12 दिनांक 08-05-2024 द्वारा अनुरोध किया गया।

4 **वित्तीय स्थिति:-**

ग्राम पंचायत भंजराडू द्वारा प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 04/2022 से 03/2024 के लेखों की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार थी :-

4 **(अ) स्व:-स्रोत व अनुदान** ग्राम पंचायत भंजराडू के अवधि 04/2022 से 03/2024 तक स्व:-स्रोतों व अनुदान की वित्तीय स्थिति का संकलित विवरण निम्न प्रकार से है। जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट-1 व 2** में भी दिया गया है:

**1. स्व:-स्रोत (3RD/5TH State FC)**

| वित्तीय वर्ष | अथ शेष | प्राप्ति | योग | व्यय | अंतिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|
| 2022-23 | 531316.20 | 324968.22 | 856284.42 | 240575.00 | 615709.42 |
| 2023-24 | 615709.42 | 103180.00 | 718889.42 | 334281.00 | 384608.42 |

**2. अनुदान**

| वित्तीय वर्ष | अथ शेष | प्राप्ति | योग | व्यय | अंतिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|
| 2022-23 | 3365746.68 | 17601102.90 | 20966849.58 | 18556537.52 | 2410312.06 |
| 2023-24 | 2410312.06 | 13648676.00 | 16058988.06 | 14757798.60 | 1301189.46 |

**नोट**: उपरोक्त स्व:-स्रोत के अंतर्गत अन्य अनुदान जैसे 3rd/5th स्टेट का पंचायत द्वारा एक बैंक खाता व एक ही रोकड़ बही में संधारण किया जा रहा है। (कृपया पूर्ण विवरण

पैरा संख्या 10.3 पर देखें) जिससे कि; उक्त स्व:-स्रोत की वास्तविक राशि को पृथक तौर पर नहीं दर्शाया जा सकता है।

**कुल योग (1 + 2) ₹384608.42 + ₹1301189.46 ₹1685797.88**

**(ब) ग्राम पचांयत भंजराड़ू, विकास खण्ड तीसा, जिला चम्बा (हि०प्र०)**

**दिनांक 31/03/2024 को बैंक खातों में अन्तशेष का विवरण**

| क्र० स० | अनुदान का नाम | खाता संख्या | बैंक का नाम | राशि 31-03-2024 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 15वां वित्तायोग | 99241700021554 | HPGB BHANJRARU | **662766.30** |
| 2. | 14वां वित्तायोग | 99240100002537 | HPGB BHANJRARU | **00** |
| 3. | SBM | 6708000100068949 | PNB BHANJRARU | **00** |
| 4. | IAY/RAY | 99241302405551 | HPGB BHANJRARU | **15864.00** |
| 5. | VKVNY/SDP/ECO VILLAGE /NDP/PS/3RD STATE FC/SF | 17710103129 | HPSCB BHANJRARU | **650200.06** |
| 6. | RGSA | 9924010001535 | HPGB BHANJRARU | **53831.70** |
| | | 50100655530853 | HDFC BHANJRARU | **390551.00** |
| 7. | IWMP | 33613072114 | SBI BHANJRARU | **00** |
| | | | Cash in hand | **0** |
| | | | **TOTAL** | **₹1773213.06** |

**अन्तर (ब-अ) ₹1773213.06 - ₹1685797.88 = ₹87415.18**

**5.1 बैंक समाधान विवरणी तैयार न करने के कारण रोकड़ बहियों व बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹0.87 लाख का अन्तर :-**

अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, ग्राम पंचायत भंजराड़ू द्वारा हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे सकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम **7(3) व 10(1)** की

अनुपालना में मासिक आधार पर बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की है। जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अंत में दिनांक 31-03-2024 को रोकड़ बही तथा बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹87415.18 का अन्तर रोकड़ बही में कम शेष के रूप में है। जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा संख्या 4 में दिया गया है।

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-09 दिनांक 06-05-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा सूचित किया कि, भविष्य में बैंक समाधान विवरणी मासिक आधार पर तैयार की जाएगी एवं वर्तमान अंतर का मिलान करके लेखा परीक्षा विभाग को अवगत करवा दिया जायेगा।

अत: भविष्य में नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करके बैंक एवं रोकड़ बही का मिलान किया जाना सुनिश्चित किया जाये तथा वर्तमान में अन्तर का अति शीघ्र मिलान भी किया जाये तथा अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये।

**5.2 PRIYA SOFTWARE में संधारित लेखों तथा MANNUAL संधारित लेखों में राशि ₹2.09 लाख के अन्तर बारे :-**

पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में E-PANCHAYT मिशन प्रोजेक्ट (MPP) प्रारम्भ की गई तथा जिसका क्रियान्वयन पंचायती राज विभाग हि०प्र० कर रहा है। इस योजना के क्रियान्वयन के साथ-साथ हि०प्र० पंचायती राज नियम (सामान्य) 1997 के नियम 34 में वर्णित सभी रजिस्टरों को कागज़ रहित प्रणाली के अंतर्गत E-PANCHAYT में बदलने का कार्य भी पंचायती राज विभाग की प्राथमिकता है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि; पंचायत द्वारा लेखों का अनुरक्षण मैनुअल तथा प्रिया सॉफ्टवेयर दोनों माध्यमों से किया जा रहा है, तथा जो लेखे PRIYA सॉफ्टवेयर में बनाये गए थे वे मैन्युअल रोकड़ बही लेखों व बैंक खातों से मेल नहीं खाते। दिनांक 31-03-2024 को PRIYA सॉफ्टवेयर व मेनुअल लेखों में निम्न विवरणानुसार राशि ₹209901.26 का अन्तर पाया गया।

31-03-2024 को PRIYA सॉफ्टवेयर व मेनुअल संधारित लेखों (रोकड़ बही) में अन्तशेष

| | |
|---|---|
| 31-03-2024 को PRIYA SOFT. में संधारित रोकड़ बही का अन्तशेष | **₹18,95,699.14** |

31-03-2024 को पंचायत द्वारा मेनुअल संधारित रोकड़ बही का अन्तशेष ₹16,85,797.88

**अन्तर** **₹2,09,901.26**

उपरोक्त तथ्यों के मध्यनजर ऐसा प्रतीत होता है कि, पंचायत सचिव द्वारा PRIYA सॉफ्टवेयर में आंकड़े सही ढंग से संधारित नहीं किये जा रहे हैं, जोकि न केवल उक्त नियमों की स्पष्ट अवहेलना है अपितु इसमें अनाधिकृत समायोजन की सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता।

इस सम्बन्ध में सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या-09 दिनांक 06-05-2024 द्वारा स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया। जिसके उत्तर में सचिव द्वारा सूचित किया कि, ऑनलाइन एवं मैन्युअल रोकड़ बही के अंतर का मिलान करके शीघ्र ही अनुपालना से विभाग को अवगत करवा दिया जायेगा। उत्तर संतोषजनक नहीं है क्योंकि PRIYA सॉफ्टवेयर में आंकड़ों का संधारण किया जाना पंचायती राज विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार अनिवार्य है। अत: दोनों अन्तर की छानबीन व पुनर्मिलान करके अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को अवगत करवाया जाए।

**6.1 विकासात्मक कार्यों हेतु प्राप्त अनुदानों की राशि ₹13.01 लाख का अवरोधन :-**

पंचायत द्वारा **परिशिष्ट 1 व 2** पर अनुदानों से सम्बन्धित उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार दिनांक 31-03-2024 तक अनुदान से प्राप्त अनुदान राशियों में से ₹1301189.46 की राशि (रोकड़ बही के अनुसार) उपयोग हेतु शेष थी। ग्राम पंचायत द्वारा विभिन्न विकासात्मक कार्यों हेतु प्राप्त अनुदानों की शर्त अनुसार अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय किया जाना था। जबकि पंचायत द्वारा अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय न करने के कारण धन का अवरोधन होने के साथ-साथ सरकारी योजनाओ से ग्रामीणों को होने वाले लाभ से भी वंचित होना पड़ा है। यह अनियमितता सम्बन्धित पंचायत के कर्मचारियों व पंचायत प्रतिनिधियों के अकुशल वित्तीय प्रबन्धन को भी इंगित करता है।

इस राशि के उपयोग/व्यय न करने बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या-09 दिनांक 06-05-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त स्पष्ट किया कि, भविष्य में प्राप्त अनुदान को समय पर खर्च किया जायेगा। अत: अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय न करने के कारणों स्पष्ट करते हुए अनुदान के व्यय हेतु

सक्षम अधिकारी से अवधि बढ़ौतरी की स्वीकृति प्राप्त करके उक्त राशि को व्यय करना सुनिश्चित किया जाये एवं कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**7.1 पंचायत राजस्व, गृहकर की बकाया राशि ₹0.49 लाख की वसूली न करने बारे :-**

हि० प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 33 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार ग्राम पंचायत सचिव का दायित्व है कि, समस्त राजस्व को नियमित व अविलम्ब रूप से वसूलने व सम्बन्धित ग्राम पंचायत के खातों में समय पर जमा करवाना सुनिश्चित करें तथा हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 114 में प्रावधान है कि कोई व्यक्ति किसी कर, शुल्क, दर राशि का भुगतान नहीं करता तो वह जुर्माने के साथ दण्ड का भागीदार होगा।

ग्राम पंचायत भंजराडू के अंकेक्षण में पाया गया कि, पंचायत सचिव द्वारा सम्पति कर (गृहकर) रजिस्टर को संधारित नहीं किया गया था। जिस कारण सम्पति कर की वार्षिक मांग व गत वकाया बारे पुष्टि नहीं हो सकी। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा धारा 114 के अनुरूप गृहकर का समय पर भुगतान न करने के लिए चुककर्ताओं पर दण्ड लगाने हेतु भी कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। पंचायत द्वारा पंजीकृत परिवारों के आधार पर उपलब्ध करवाए गए अभिलेखानुसार निम्नलिखित ₹49050 की राशि वसूली हेतु शेष थी।

| वित्तीय वर्ष | अथशेष | पंजीकृत परिवारों कीसंख्या | दर प्रति /परिवार | वर्ष के दौरान माँग | कुल योग | वर्ष के दौरान वसूली | वसूली हेतु शेष राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2022-23 | 86900 | 462 | 50 | 23100 | 110000 | 86850 | 23150 |
| 2023-24 | 23150 | 518 | 50 | 25900 | 49050 | 0 | 49050 |

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-13 दिनांक 08-04-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों व आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त सूचित किया कि, पंचायत राजस्व की वसूली समय पर की जाएगी। उत्तर ग्राम पंचायत द्वारा अप्रभावी निगरानी का द्योतक है जिसके परिणाम स्वरूप राजस्व का गैर संग्रहण/हानि हो सकती है। अतः

सम्पति/गृहकर की बकाया राशि की शीघ्रातिशीघ्र वसूली करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 7.2 विवाह पंजीकरण शुल्क की प्राप्त राशि को सरकारी राजकोष में जमा न करवाने बारे :-

हिमाचल प्रदेश विवाह रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1996 की धारा 22 एवं हि०प्र० सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण विभाग की अधिसूचना संख्या WLF-A(3)-1/97, दिनांक 17-12-2004 व SJE-A-A(3)-1/2015 दिनांक 04-10-2016 एवं पंचायती राज विभाग द्वारा जारी पत्र संख्या PCH-HA(1)8/2013-Marrige-8107-10 दिनांक 28-10-2016 के अनुसार विवाह पंजीकरण के शुल्क की वसूली करने उपरान्त वसूली गई राशि को सरकारी राजकोष के प्राप्ति शीर्षक खाता संख्या "0235-00-800-03" में विवाह रजिस्ट्रार द्वारा जमा की जानी अपेक्षित है।

अभिलेखों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि, उक्त पंचायत सचिव द्वारा निम्नविवरणनुसार विवाह पंजीकरण शुल्क के तौर पर वसूली गई राशि ₹2375/- को सरकारी राजकोष में जमा नहीं करवाया गया था अपितु इसे पंचायत के सभा निधि के बैंक खाते में रखा गया है जोकि उक्त नियमानुसार अनुचित है।

| वित्तीय वर्ष | कुल पंजीकृत विवाह | APL/Rate | | राशि | BPL/Rate | | राशि | कुल राशि सामान्य व BPL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Without late fee | With Late Fee | | Without late fee | With Late Fee | | |
| 2022-23 | 16 | 4@200 | 0 | 800 | 12@25 | 0 | 300 | 1100 |
| 2023-24 | 9 | 6@200 | 0 | 1200 | 3@25 | 0 | 75 | 1275 |
| **कुल योग** | **25** | **10@200** | **0** | **₹2000** | **15@25** | **0** | **₹375** | **₹2375** |

इस सम्बन्ध में जारी अधियाचना संख्या-13 दिनांक 08-05-2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों की पुष्टि उपरान्त कहा गया कि, विवाह पंजीकरण शुल्क की वसूली उपरान्त उसे शीघ्र ही सरकारी राजकोष में जमा करवा दिया जायेगा।

अतः उपरोक्त राशि की उचित स्रोत से वसूली करने उपरान्त सम्बन्धित खाते/कोष में जमा करवाई जानी सुनिश्चित की जाये तथा गत वर्षों में इस प्रकार से सरकारी राजकोष में जमा नहीं करवाई गई राशि को भी जमा करवाना सुनिश्चित किया

जाये। भविष्य में इस प्रकार की गलती की पुनरावृत्ति न की जाये तथा अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को अवगत करवाया जाये।

**7.3 मोबाइल टावरों की पूर्व अवधि की नवीनीकरण शुल्क बकाया राशि ₹0.15 लाख की वसूली न करने बारे :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या पी०सी०एच०-एच०(2)8/99 दिनांक 20-03-2017 के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र में मोबाइल टावर स्थापित करने के लिए राशि ₹10000/- आवेदन शुल्क (स्थापना शुल्क) व राशि ₹5000/- वार्षिक नवीनीकरण शुल्क निर्धारित की गयी है। ग्राम पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण में उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार दिनांक 31-03-2024 तक निम्नविवरणनुसार सभी मोबाइल टावरों की वार्षिक नवीनीकरण शुल्क के रूप में राशि ₹15000/- वसूली हेतु शेष थी।

| क्र० स० | वित्तीय वर्ष | अथशेष | टावरों की संख्या | नवीनीकरण शुल्क/प्रति टावर/वर्ष | वर्ष के दौरान माँग | कुल योग | वर्ष के दौरान वसूली | वसूली हेतु बकाया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2022-23 | 15000 | 03 | 0 | 0 | 15000 | 0 | 15000 |
| 2. | 2023-24 | 15000 | 03 | 0 | 0 | 15000 | 0 | 15000 |

**नोट :** मोबाइल टावर फीस की उक्त बकाया राशि हि०प्र० सरकार की अधिसूचना 885 दिनांक 13-05-2022 के पूर्व की है तथा वर्तमान में उक्त अधिसूचना के अनुसार पंचायत की अपनी निजी भूमि पर कोई मोबाइल टावर नहीं है इसलिये मांग शुन्य दर्शायी गई है।

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 13 दिनांक 08-05-2024 के प्रत्युतर में सचिव, द्वारा तथ्यों व आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त सूचित किया कि, बकाया राशि की वसूली शीघ्र कर ली जाएगी। उतर पंचायत द्वारा अप्रभावी निगरानी का द्योतक है। जिसके परिणाम स्वरूप राजस्व का गैर संग्रहण/हानि हो सकती है। अतः पूर्व अवधि की मोबाइल टावरों की बकाया राशि को शीघ्रातिशीघ्र वसूली करके सम्बन्धित खाते में जमा करवा दिया जाये एवं अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**7.4 पंचायत राजस्व, दुकानों का किराया राशि ₹2.19 लाख की वसूली न करने बारे:-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म,कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के **नियम 33** में प्रावधान है कि, ग्राम पंचायत का सचिव देखेगा कि, समस्त राजस्व सही ढंग से व अविलम्ब तथा नियमित रूप से निर्धारित, वसूल व सम्बन्धित ग्राम पंचायत के खातों में जमा करवाया गया है।

ग्राम पंचायत भंजराड़ू के अंकेक्षण में पाया गया कि, ग्राम पंचायत द्वारा आठ दुकानों में से सात दुकानें किराये पर दी थी। इनमें सभी दुकानों का किराया नियमित रूप से वसूल नहीं किया जा रहा था, तथा दिनांक 31-03-2024 तक निम्न विवरणानुसार कुल राशि ₹218600/- वसूली हेतु शेष है। इसका पूर्ण विवरण संलग्न **परिशिष्ट "5"** में दिया गया है।

| वित्तीय वर्ष | अथशेष | दुकानों की संख्या | दर प्रति /दुकान | वर्ष के दौरान माँग | कुल योग | वर्ष के दौरान वसूली | वसूली हेतु शेष बकाया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2022-23 | 289600 | 07 | 500 | 42000 | 331600 | 127500 | 204100 |
| 2023-24 | 204100 | 07 | 500 | 42000 | 246100 | 27500 | 218600 |

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 10 दिनांक 07-05-2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों व आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त सूचित किया कि, दुकानों के किराये की वसूली समय पर की जाएगी। उत्तर ग्राम पंचायत द्वारा अप्रभावी निगरानी का द्योतक है जिसके परिणाम स्वरूप राजस्व का गैर संग्रहण/हानि होने के साथ-साथ किसी वैधानिक कठिनाई का सामना भी करना पड़ सकता है। अतः दुकान किराया की बकाया राशि की शीघ्रातिशीघ्र वसूली करके अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**7.5 पंचायत द्वारा किराये पर आबंटित दुकानों के सम्बन्ध में पाई गई विविध अनियमितताओं बारे :-**

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के **नियम 33** के प्रावधानों के अंतर्गत वसूली के सम्बन्ध में तथा हि०प्र० पंचायती राज विभाग के कार्यालय आदेश संख्या पीसीएच-एचसी (7)10/30-3031-30436 दिनांक 07-09-2008 द्वारा ग्राम पंचायत के व्यावसायिक परिसरों/भवनों को किराये पर देने हेतु सम्बन्धित उपमंडलाधिकारी/तहसीलदार की अध्यक्षता में कमेटी गठित की जानी आवश्यक है ताकि भविष्य में किसी प्रकार के किसी क़ानूनी विवाद से बचा जा सके एवं कोई वैधानिक कठिनाई न हो।

ग्राम पंचायत भंजराडू, विकास खण्ड तीसा, जिला चम्बा (हि०प्र०) की नमूना लेखा परीक्षा में पाया गया कि; पंचायत के पास कुल आठ दुकानें हैं जिनमें से सात किरायेदारों को आबंटित की गई थी परन्तु इन के सम्बन्ध में न कोई अभिलेख तैयार किये गए थे एवं न ही वर्णित सरकारी नियमों, आदेशों, अनुदेशों एवं शर्तों इत्यादि की अनुपालना नहीं की गई है।

1. किसी भी किरायेदार के साथ (दुकान का) का अनुबंध नहीं किया गया है।
2. अधिकतर दुकानों का किराया समय पर प्राप्त नहीं हो रहा है एवं इससे सम्बन्धित अभिलेखों/रजिस्टरों को तैयार नहीं किया जा रहा है एवं पंचायत के पास उपलब्ध नौ दुकानों में से चार खाली चल रही है इनके आबंटन से सम्बन्धित कोई भी प्रयास नहीं किये जा रहे हैं।
3. काफी समय से कोई भी किराया बढ़ौतरी नहीं की गई है एवं किराये का निर्धारण नियमानुसार नहीं किया गया है।
4. पंचायत की सम्पति (दुकानों इत्यादि) को सरकारी दिशा-निर्देशों अनुसार किराये पर देने हेतु किसी भी कमेटी का गठन नहीं किया गया है।
5. पंचायत द्वारा दुकानों का किराया नियमित तौर से नहीं वसूला जा रहा है एवं अंकेक्षण अवधि के अंत तक कुल राशि 218600 वसूली हेतु शेष थी।

अत: उक्त प्रकरण से न केवल सरकारी राजस्व का वित्तीय रिसाव हो रहा है अपितु इस प्रकार से अवैध खनन से सरकारी आदेशों की भी स्पष्ट अवहेलना की जा रही है। यह एक गम्भीर अनियमितता है जो उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ विशेष रूप से लाई जाती है। अत: इस अनियमितता को न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा उद्योग विभाग के नियमों के अंतर्गत कार्रवाई की जानी सुनिश्चित की जाये एवं कृत कार्रवाई/अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को यथाशीघ्र अवगत करवाया जाये।

**8.3 प्रॉपर/टैक्स बिलों पर भुगतान न करने के कारण सरकारी राजकोष को वस्तु एवं सेवाकर (GST) के तौर पर राशि ₹1.01 लाख की सम्भावित वित्तीय हानि बारे :-**

केंद्रीय वस्तु एवं सेवाकर अधिनियम 2017 के प्रावधानों के अनुसार रेत, बजरी एवं पत्थर इत्यादि पर 5% की दर से GST का भुगतान किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत भंजराडू के अभिलेखों के नमूना अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं से रेत, बजरी व पत्थर इत्यादि की खरीद गई थी एवं पंचायत द्वारा इन्हें राशि ₹101097.14 भुगतान (जिसका पूर्ण विवरण संलग्न **परिशिष्ट "4"** में दिया गया है।) किया गया था परन्तु उक्त क्रय सामग्री के अधिकतर आपूर्तिकर्ता GST पंजीकृत नहीं है। फर्मों द्वारा पंचायत को प्रस्तुत बिल प्रॉपर/टैक्स बिल/कम्प्यूटर जनरेटेड न होकर केवल सादे कागज,रसीद,कैश मेमों व परफोर्मा बिल ही हैं जिससे इन बिलों की सत्यता एवं प्रमाणिकता की पुष्टि लेखा परीक्षा में नहीं की जा सकी। यह न केवल अनुचित प्रक्रिया है अपितु एक प्रॉपर/टैक्स बिल के अभाव में सरकार को देय वस्तु व सेवा कर (GST) के तौर पर लगभग राशि ₹101097.14 की सम्भावित वित्तीय हानि भी हुई है।

उक्त गम्भीर प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या 03 दिनांक 04-05-2024 द्वारा सचिव के ध्यानार्थ वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु लाया गया जिसके प्रत्युतर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि के उपरान्त पत्र द्वारा सूचित कि, उक्त आपूर्तिकर्ताओं द्वारा पंचायत को केवल सादे कागज,रसीद,कैश मेमों व कुच्छ परफोर्मा बिल ही प्रस्तुत किया गए हैं यद्यपि पंचायत द्वारा इन बिलों पर भुगतान GST सहित किया गया है परन्तु इस सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी न होने के कारण यह सुनिश्चित नहीं किया जा

सकता कि वास्तव में GST को सरकारी राजकोष में जमा करवाया गया है या नहीं इस मामले की पंचायत स्तर पर छानबीन करके कृत कार्रवाई से शीघ्र ही अंकेक्षण विभाग को अवगत करवा दिया जायेगा एवं भविष्य में टैक्स बिलों पर ही भुगतान किया जायेगा।

अत: उक्त प्रकरण को तथ्यों सहित न्यायोचित ठहराया जाये एवं उक्त आपूर्तिकर्ताओं द्वारा यदि कोई उक्त बिलों के सम्बन्ध में कर भुगतान किया गया हो तो उनका साक्ष्य अनुवर्तन रिपोर्ट के साथ अंकेक्षण विभाग को शीघ्र प्रेषित किया जाये अन्यथा नियमाविरुद्ध किये गए भुगतानों पर देय कर की पूर्ण गणना उपरान्त उक्त राशि की उचित स्रोत से वसूली करके सम्बन्धित खाते/कोष में जमा करवाई जाये एवं कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को भी अवगत करवाया जाये। यह गम्भीर प्रकरण उच्चाधिकारियों के समक्ष इस आशय से लाया जाता है कि; ऐसे प्रकरणों की गहन जांच की नितांत आवश्यकता है ताकि किसी भी प्रकार से सरकारी धन के दुरूपयोग व कर अदेयता के मामलों की सम्भावना को पूर्णत: नकारा जा सके।

**8.4 ठेकेदारों/संविदाकारों से टी०डी०एस० की कटौती न करने के कारण सरकार को राशि ₹0.16 लाख की वित्तीय हानि बारे :-**

आयकर अधिनियम 1961 की धारा 194(C) के अनुसार यदि कार्य को करने पर किसी ठेकेदार को एक वित्तीय वर्ष में ₹100000/- या अधिक की अदायगी अथवा एक बार में ₹30000/- या अधिक की अदायगी की जाती है, तो भुगतानकर्ता/आहरण व संवितरण अधिकारी, ठेकेदार/संविदाकार के बिल पर आय स्रोत पर कर (TDS) व्यक्ति की दशा में 1% तथा फर्म की दशा में 2% आयकर की कटौती करेगा तथा की गई कटौती को सरकारी कोष में समयबन्ध तिथि को जमा करवाएगा। आय स्रोत पर की गई कटौती की राशि को आयकर विभाग के '**<u>प्राप्ति शीर्ष</u>**' में निर्धारित समयावधि में जमा किया जाना आवश्यक है अन्यथा दंडात्मक ब्याज के प्रावधान लागू होंगे।

ग्राम पंचायत भंजराडू के अभिलेखों के नमूना/चयनित अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान निम्न विवरणानुसार राशि ₹802800/- का भुगतान किया गया। परन्तु उक्त भुगतान करते समय स्रोत पर कर कटौती (TDS) नहीं की गई थी। जोकि न केवल आयकर अधिनियम के उपरोक्त प्रावधानों की अवहेलना

है अपितु इसके फलस्वरूप सरकारी राजस्व में राशि ₹16056/- (2%) की वित्तीय हानि हुई है।

| क्रम/ अनुदान | वाउचर / वर्ष | सामग्री | आपूर्तिकर्ता | भुगतान की गई राशि | TDS @ % 2 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1.15th FC | 10/ 09-06-23 | Stone & Agg. Carrige | M/S Dharam Singh S/o Bhikham PO Bhanjraru Chamba | 50900 | 1018 |
| 2.MGREGA | Nil/ 31-03-23 | Carrige of Material | M/S Dev Raj S/o Narainu, PO Jungra | 45000 | 900 |
| 3.MGREGA | Nil/ 16-05 -22 | Carrige of Material | M/S Narain Singh S/o Dharma PO Bahnjraru, Chamba | 64000 | 1280 |
| 4.MGREGA | Nil/06-05-2022 | Carrige of Stone 66m3 @2000 | M/S Virender Kumar S/o Sh. Mehar Chand VPO Bhanjraru, | 132000 | 2640 |
| 5.MGREGA | Nil/06-05-2022 | Carrige of stone GR | M/S Asdula S/o Hasan PO Thaneikothi, Chamba | 105300 | 2106 |
| 6.MGREGA | Nil/01-09-2022 | Carrige of stone 82m3 @1800 GR | M/S Asdula S/o Hasan PO Thaneikothi, Chamba | 147600 | 2952 |
| 7.MGREGA | Nil/28-06-2023 | Carrige of stone 84m3 @2000 GR | M/S Asdula S/o Hasan PO Thaneikothi, Chamba | 168000 | 3360 |
| 8.MGREGA | Nil/24-08-2023 | Carrige of Stone45m3 @2000 | M/S Narain Singh S/o Dharma PO Bahnjraru, Chamba | 90000 | 1800 |
| | | | **कुल योग** | **₹ 802800** | **₹16056** |

इस अनियमितता के सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-06 दिनांक 04-05-2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि के उपरान्त कहा गया कि, टी.डी.एस. की कटौती सम्बन्धित संविदाकारों से करने एवं उसे सरकारी

कोष में जमा करवा कर कृत कार्रवाई से विभाग को अवगत करवा दिया जायेगा एवं भविष्य में नियमित तौर पर कटौती की जायेगी।

अत: पंचायत द्वारा टी.डी.एस की कटौती न करना, न केवल आयकर अधिनियम की अवहेलना है परन्तु सप्लाईर/ठेकेदार को अनुचित लाभ देकर सरकारी राजस्व की भी हानि है। इसके अतिरिक्त यहाँ पर यह स्पष्ट किया जाता है कि अंकेक्षण द्वारा केवल नमूना/चयनित माहों के ही भुगतानों को जांचा गया है। शेष अवधि में हुए ऐसे भुगतानों की विभागीय स्तर पर जाँच करके अपेक्षित टी.डी.एस.की वसूली करना सुनिश्चित करें एवं भविष्य में टी.डी.एस. की कटौती नियमित रूप से करके सरकारी कोष में निर्धारित समयावधि में जमा करवाना सुनिश्चित किया जाये एवं कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को यथाशीघ्र अवगत करवाया जाये।

**8.5 कनिष्ठ अभियंता एवं तकनीकी स्तर पर राशि ₹25.27 लाख के निर्माण कार्यों से सम्बन्धित स्वीकृति/कार्य आदेश, प्राक्कलन एवं मापन पुस्तिका इत्यादि लेखा परीक्षा में प्रस्तुत न करने बारे :-**

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षण, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 व संशोधित नियम 2017 के नियम 94, 95 व 101 के अनुसार किसी भी विकास कार्य का निष्पादन प्रशासनिक, तकनीकी स्वीकृति, मापन पुस्तिका व प्राक्कलन तैयार किये बिना नहीं किया जा सकता है।

ग्राम पंचायत भंजराडू की नमूना लेखा परीक्षा के दौरान कनिष्ठ अभियंता एवं तकनीकी स्तर पर निम्न विवरणानुसार करवाए गए कार्यों के प्रशासनिक, तकनीकी स्वीकृति, कार्य आदेश, प्राक्कलन मापन पुस्तिका, प्रापत्र-34 उपयोगिता प्रमाण पत्र इत्यादि लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये गए जिसके अभाव में उक्त स्तर पर किये गए कार्यों व उसमे प्रयुक्त सामग्री/लेबर के व्यय, खपत, सत्यता एवं प्रमाणिकता की पुष्टि लेखा परीक्षा में नहीं की जा सकी।

| क्रम संख्या अनुदान/ | कार्य विवरण | स्वीकृत राशि | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1.VKVNY | कार्य:लिटीगेशन शैड नजदीक कोर्ट काम्प्लेक्स भंजराडू | 400000 | MB,UC, Estimate Work Order and Technical sanction order etc. |
| 2.SBM | कार्य : वर्कर हट इनसाइड सेग्रीगेशन सेंटर | 700000 | |
| 3.MGREGA | कार्य :लैंड डेवलपमेंट वर्क भंजराडू | 300000 | do |
| 4.MGREGA | कार्य :लैंड डेवलपमेंट वर्क डिकरियुंड | 300000 | do |
| 5.MGREGA | कार्य: प्लान्टेशन वर्क देवकी की जमीन पर | 100000 | do |
| 6.Eco Village | कार्य: रूफ टॉप रैनवाटर हार्वेस्टिंग भंजराडू | 300000 | do |
| 7. Eco Village | कार्य : CSC पंचवटी पार्क धार | 300000 | do |
| 8. Eco Village | कार्य: अपग्रेडशेन मेला ग्राउंड भंजराडू | 127000 | do |
| | **कुल योग** | **₹2527000** | |

इस बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या-13 दिनांक 08-05-2024 द्वारा पंचायत सचिव को उक्त अनियमितता के सम्बन्ध में अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु कहा गया। इसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों व आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त कहा कि,उक्त कार्यो के समस्त अभिलेख कनिष्ठ अभियंता के पास विकास खण्ड कार्यालय में पड़े है इसके अतिरिक्त तकनीकी स्तर के अन्य अभिलेख पंचायत में उपलब्ध नहीं है। उत्तर

तर्कसंगत नहीं है। अत: उक्त वांछित अभिलेखों को अंकेक्षण में दिखाया जाना सुनिश्चित किया जाये।

**9.1 राशि ₹18.45 लाख के स्टोर/स्टॉक के व्यय भुगतानों में पाई गई वित्तीय व अन्य विविध अनियमितताओं बारे :-**

ग्राम पंचायत भंजराडू के व्यय के नमूना अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा मनरेगा अनुदान के अंतर्गत संलग्न **परिशिष्ट "4"** के अनुसार राशि ₹1845040 का भुगतान स्टोर/स्टॉक के क्रय की एवज में किया गया परन्तु इन बिलों के अवलोकन में पाया गया यह पंचायती राज अधिनियम एवं सरकार द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों की पालना नहीं की गई।

**उक्त व्ययों के सम्बन्ध में पाई गई विविध वित्तीय व अन्य अनियमितताओं बारे**

1. पंचायत द्वारा स्टोर/स्टॉक के क्रय हेतु अधिकृत विक्रेता GST/TIN पंजीकृत नहीं हैं एवं विक्रेताओं द्वारा प्रस्तुत बिल प्रॉपर टैक्स इनवॉइस, कम्प्यूटर जनरेटेड न होकर केवल सादे कागज,रसीद,कैश मेमों, परफोर्मा बिल इत्यादि के प्रारूप में ही दिए गए हैं इस पर वेन्डर/आपूर्तिकर्ता का विवरण, GST/TIN संख्या, बिल क्रमांक इत्यादि अंकित नहीं है एवं बिलों पर दिनांक भी हस्तलिखित है एवं बिल संख्या पंचायत द्वारा बिलों पर स्वयं आबंटित की गई है यह बिल सादे कागज पर अभिस्वीकृति सहित भुगतान हेतु दिए गए हैं जोकि उचित प्रतीत नहीं होता है।

**2.** पंचायत द्वारा मनरेगा अनुदान के अंतर्गत क्रय स्टोर/स्टॉक के एवज में आपूर्तिकर्ताओं/वेंडरों को किये गए भुगतानों के FTOs (Fund transfer order) अंकेक्षण में सत्यापन हेतु प्रस्तुत नहीं किया गये जिससे कि यह सुनिश्चित/सत्यापित नहीं किया जा सका कि जो बिल पंचायत द्वारा अंकेक्षण में प्रस्तुत किये गए वास्तव में उन्ही आपूर्तिकर्ताओं को भुगतान किया गया है अथवा नहीं ? इसके अतिरिक्त पंचायत द्वारा उपलब्ध करवाई गए अभिलेख में पाया गया कि रेत, बजरी व पत्थर के अधिकतर विक्रेता GST पंजीकृत नहीं हैं एवं जो पंजीकृत भी हैं उनके द्वारा बिल सादे कागज पर ही दावे किये गये हैं।

इस गम्भीर अनियमिति बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 08 दिनांक 04-05-2024 द्वारा पंचायत सचिव को अपना पक्ष प्रस्तुत करने को कहा गया जिसके प्रत्युत्तर में

पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि कहा कि, अधिकतर आपूर्तिकर्ताओं द्वारा इस प्रकार के बिलों पर दावे किये गए हैं जिनका समय-समय पर पंचायत द्वारा भुगतान किया गया है भविष्य में प्रॉपर टैक्स बिलों एवं मान्य GST धारकों से ही क्रय किया जायेगा। प्रस्तुत उत्तर संतोषजनक नहीं है। उक्त अनियमितताओं एवं प्रस्तुत उत्तर के आधार पर उक्त व्यय संदिग्ध व अनियमित प्रतीत होता है अत: इस सम्बन्ध में अपना पक्ष ठोस तथ्यों व अभिलेखों सहित यथाशीघ्र प्रस्तुत करते हुए उक्त किये गए व्यय को न्यायोचित ठहराया जाये तथा इसे अनुवर्तन रिपोर्ट के साथ शीघ्र ही प्रेषित किया जाये अन्यथा मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**9.2 औपचारिकताओं (Codal Formalities) को पूर्ण किए बिना ही राशि ₹1.82 लाख के स्टॉक/स्टोर का अनियमित क्रय करने बारे :-**

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, सकंर्म, कराधान व भत्ते व नियमावली 2002 के नियम 67(4), 67(5), 69 एवं 70 स्टॉक/स्टोर का क्रय, भंडारण एवं जारी करने की औपचारिकतायें यथा निविदायें, कुटेशन (Quatations) आमंत्रित करना, मांग, अनुबंध सूची,आपूर्ति आदेश इत्यादि प्रावधित है।

परन्तु पंचायत के नमूना/चयनित अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि, ग्राम पंचायत भंजराडू द्वारा राशि ₹181916/- के स्टॉक/स्टोर का क्रय औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया। (जिसका पूर्ण विवरण संलग्न **परिशिष्ट "3"** में दिया गया है।) जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है। उक्त राशि की सामग्री व सेवाओं का क्रय औपचारिकतायें पूर्ण किए बिना ही किया गया। जिससे कि ग्राम पंचायत को न केवल बाजारी प्रतिस्पर्धा के लाभ से वंचित होना पड़ा बल्कि पंचायती राज अधिनियम 2002 के सरकारी नियमों की अवहेलना भी की गई, जोकि एक गम्भीर अनियमितता है।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या-05 दिनांक 04-05-2024 द्वारा उक्त प्रकरण सचिव के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त कहा गया कि, भविष्य में नियमानुसार सभी औपचारिकताओं को पूर्ण करने उपरान्त ही क्रय किया जायेगा। उत्तर तर्कसंगत नहीं है एवं बिना कुटेशन के क्रय करना

संदिग्ध प्रतीत होता है यह मामला उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ विशेष तौर से लाया जाता है।

अत: इस अनियमितता की सक्षम अधिकारी से कार्योतर स्वीकृति लेकर इस व्यय को नियमित करवाया जाए अन्यथा आवश्यक विधिवत औपचारिकतायें पूर्ण किये बिना, की गई समस्त खरीद से हुई हानि की प्रतिपूर्ति उचित स्रोत से करके सम्बन्धित निधि में जमा करवाना सुनिश्चित किया जाये तथा भविष्य में नियमानुसार ही स्टॉक/स्टोर का क्रय, भंडारण एवं निर्गम किया जाना सुनिश्चित किया जाए तदानुसार कृत कार्रवाई से लेखा परीक्षा विभाग को यथाशीघ्र अवगत करवाया जाये।

**9.3 पंचायत के स्टॉक रजिस्टर में पाई गई विविध अनियमिताओं बारे एवं राशि ₹2.02 लाख के क्रय सामान/स्टोर का स्टॉक रजिस्टर इन्द्राज न करने बारे :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के **चैप्टर-8 नियम 69 के अनुसार** सारा स्टोर (सामान) जब प्राप्त किया जाता है ,उसका यथास्थिति, परिक्षण, गणना, माप या तोल किया जायेगा और तुरंत स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्ट किया जायेगा एवं नियम 70 से 72 में वर्णित विभिन्न नियमों की अनुपालना आवश्यक है। पंचायत के नमूना अंकेक्षण में निम्नवर्णित अनियमितातायें पाई गई :-

1. ग्राम पंचायत के नमूना अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा (संलग्न **परिशिष्ट "5"**) राशि ₹200216/- का सामान क्रय किया गया। परन्तु उसकी स्टॉक प्रविष्टि नहीं की गई है। जोकि न केवल उक्त नियम की स्पष्ट अवहेलना है अपितु स्टॉक प्रविष्टि के अभाव में उक्त क्रय किये गए सामान की सत्यता की पुष्टि नहीं हो सकी एवं इसके दुर्विनियोजन की सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता।

2. ग्राम पंचायत द्वारा अन्य अनुदानों हेतु संधारित स्टॉक रजिस्टर के अवलोकन में पाया गया कि, स्टोर/स्टॉक की प्राप्ति, उसे जारी करने, उसका भण्डारण करने एवं स्टोर के लेखे उक्त नियमानुसार नहीं रखे गए थे। स्टोर को जारी करने हेतु मांगपत्र, प्राप्तकर्ता की अभीस्वीकृति/हस्ताक्षर के बिना प्राप्त स्टोर को एक साथ जारी करना एवं जारी करने की तिथि इत्यादि भी अंकित न होना, प्राप्त स्टोर/स्टॉक का परिक्षण, गणना माप-तोल एवं स्टेशनरी स्टॉक रजिस्टर का संधारण न करना न केवल उक्त नियमों की स्पष्ट

अवहेलना हैं अपितु इससे क्रय स्टोर/स्टॉक की दुर्विनियोजन की सम्भावना को भी नहीं नकारा जा सकता है।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या-08 दिनांक 04-05-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव, द्वारा सूचित किया कि स्टोर/स्टॉक के भंडारण, जारी करने के सम्बन्ध में भविष्य में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। चूँकि यह न केवल नियमाविरुद्ध है अपितु समय-समय पर क्रय स्टोर/स्टॉक का स्टॉक रजिस्टर में इन्द्राज न किया जाने एवं अन्य विविध अनियमितताओं के दृष्टिगत से सामग्री विशेष के दुरूपयोग की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता। यह एक गम्भीर अनियमितता है जोकि उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ विशेष तौर से लाई जाती है। अत: नियमाविरुद्ध अपनाई गई इस कार्यप्रणाली को न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाई जाये तदानुसार कृत कार्रवाई से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये।

**9.4 मनरेगा मटेरियल रजिस्टर के संधारण में पाई गई विविध अनियमितताओं बारे :-**

ग्राम पंचायत के मनरेगा ऑनलाइन मटेरियल रजिस्टर के अवलोकन में पाया गया कि पंचायत द्वारा मनरेगा अनुदान के तहत वित्तीय वर्षो 2022-2023 एवं 2023-2024 के दौरान कुल ₹18276584.88 का स्टोर/स्टॉक क्रय किया गया था परन्तु उक्त ऑनलाइन रजिस्टर में क्रय स्टोर/स्टॉक को तकनीकी सहायक द्वारा न तो सत्यापित किया गया था और न ही इसके अथशेष, अन्तशेष तथा स्टॉक रजिस्टर प्रविष्टि का विवरण भरा गया है जोकि न केवल नियमानुसार अनुचित है अपितु इसके अभाव में स्टोर/स्टॉक के दुर्विनियोजन की सम्भावना को भी नहीं नकारा जा सकता है।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या-08 दिनांक 04-05-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव, द्वारा सूचित किया कि मनरेगा के अंतर्गत क्रय स्टोर/स्टॉक के सम्बन्ध में भविष्य में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। यह एक गम्भीर अनियमितता है जोकि उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ विशेष तौर से लाई जाती है। अत: नियमाविरुद्ध अपनाई गई इस कार्यप्रणाली को न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाई जाये तदानुसार कृत कार्रवाई से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये।

**9.5 मनरेगा अनुदान के अंतर्गत सामग्री पर तय अनुपात से अधिक व्यय करने बारे :-**

मनरेगा परिचालन दिशा-निर्देश 2013 (MNREGA Operatinal Guidlines 2013) **नियम 7.4** के अंतर्गत पंचायत स्तर पर मजदूरी व सामग्री को तय अनुपात में खर्च किये जाने के नियम प्रावधित हैं। जिसके अंतर्गत मजदूरी लागत का भौतिक लागत से अनुपात अधिनियम में निर्धारित 60:40 (मजदूरी व सामग्री) के न्यूनतम मापदंड से कम नहीं होना चाहिए।

**(क) वित्तीय वर्ष के दौरान कुल व्यय के अंतर्गत सामग्री पर अधिक व्यय करने बारे।**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा रोकड़ बही के अनुसार निम्न विवरणानुसार मजदूरी पर तय अनुपात से 18.18% कम एवं सामग्री के ऊपर तय अनुपात से अधिक 18.18% का व्यय किया गया जोकि न केवल उक्त दिशा-निर्देशों की स्पष्ट अवहेलना है अपितु मनरेगा योजना के मौलिक उदेश्य "ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाने" को भी हतोत्साहित करता है।

| **क्रम** | **वित्तीय वर्ष** | **कुल व्यय (लाखों में)** | **मजदूरी पर व्यय (लाखों में)** | **मजदूरी पर व्यय प्रतिशतता** | **सामान पर व्यय (लाखों में)** | **सामान पर व्यय प्रतिशतता** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2022-23 | 144.99 | 60.63 | 41.82% | 84.35 | 58.18% |
| | **सामग्री पर तय अनुपात से अधिक व्यय** | | | | **₹2636117** | **+18.18%** |

**(ख) व्यक्तिगत श्रेणी के अंतर्गत करवाए गए कार्यों में सामग्री पर राशि ₹2.92 लाख का अधिक/अनुचित व्यय करने बारे।**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा व्यक्तिगत श्रेणी के अंतर्गत करवाए गए कार्यों में उक्त नियमानुसार सामग्री पर तय अनुपात से राशि **₹**292537 जिसका पूर्ण विवरण **परिशिष्ट "7"** में दिया गया है, का अधिक/अनुचित व्यय किया गया जोकि उक्त नियमों की स्पष्ट अवहेलना है इस सम्बन्ध में पंचायती राज विभाग द्वारा भी उक्त अधिक व्यय की राशि की वसूली हेतु आदेश जारी किये गए थे परन्तु पंचायत द्वारा इस सम्बन्ध अभी तक कोई भी अपेक्षित कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई जोकि अनुचित है।

इस सन्दर्भ में जारी अधियाचना संख्या-07 दिनांक 16-05-2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा कहा गया कि, मनरेगा के अंतर्गत तय अनुपात से सामग्री के अधिक व्यय की सक्षम अधिकारी से स्वीकृति ली जाएगी। अत: उक्त अनियमितता के सम्बन्ध में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को अवगत करवाया जाये।

**9.6 सयुंक हस्ताक्षर के बिना ही राशि ₹2.18 लाख का अनियमित भुगतान करने बारे:-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षण, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम **49(1)(2)** के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा भुगतान हेतु ग्राम पंचायत प्रधान व सचिव दोनों द्वारा संयुक्त हस्ताक्षरित किया जाना जरुरी है।

ग्राम पंचायत भंजराडू के नमूना अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, पंचायत प्रधान द्वारा एकल हस्ताक्षर से ही (संलग्न **परिशिष्ट "5")** राशि ₹218016/- भुगतान किये गए थे जोकि न केवल उक्त नियमों की स्पष्ट अवहेलना है अपितु यह संदिग्ध भी प्रतीत होता है जिसके अंतर्गत राशि के दुर्विनियोजन की सम्भावना को भी नहीं नकारा जा सकता है एवं न ही किये गए भुगतानों की सत्यता व प्रमाणिकता की पुष्टि नहीं की जा सकी।

